राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान
उच्चतर माध्यमिक पाठ्यक्रम / जनसंचार
पाठ-2: जनसंचार
कार्यपत्रक - 2

1. जनसंचार के तीन प्रमुख कार्यों का उल्लेख करें। आप किसानों को शिक्षित करने के लिए कौन कौन से माध्यम अपनायेंगे ?

2. आजकल जानकारी प्राप्त करने के लिए बहुत से स्रोत उपलब्ध हैं। इनमे से सबसे महत्वपूर्ण स्रोत आप किसे मानते है और क्यों?

3. आपकी राय में एक बड़े समूह के साथ चर्चा के लिए संचार का उपयुक्त माध्यम कौन सा है और क्यों ?

4. कागज़ की उत्पत्ति पर एक संक्षिप्त नोट लिखें और अपने जीवन में इसके महत्व का उल्लेख करें।

5. हमेशा तीव्र गति से बड़ी संख्या में लोगों तक संदेश भेजने का प्रयास होता रहा है। इसी को ध्यान में रखकर जनसंचार की उत्पत्ति का वर्णन अपने शब्दों में कीजिये।

6. जन माध्यम के रूपों की सूची बनाएँ और अपनी पसंद के किन्ही दो का वर्णन उपयुक्त उदाहरणों के साथ करें।

7. मुद्रण के इतिहास का संक्षिप्त वर्णन करें और सामाजिक विकास से इसके सम्बन्धों पर अपने विचार व्यक्त करें।

8. भारत में फिल्मों के इतिहास पर एक नोट लिखें और हाल ही में देखी गई किसी फिल्म की कहानी को प्रस्तुत करें।

9. न्यू मीडिया के लाभों का वर्णन करें और पारंपरिक माध्यमों के प्रभावों के साथ इसकी तुलना करें।

10. पारंपरिक माध्यम के उपयुक्त उदाहरण दें और दो स्थितियों का उल्लेख करें जहां आपने इसे देखा हो।